संख्या-78 /2026/ —— /001-1534 26-3-2026

प्रेषक,

प्रवीण मिश्र
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 18 जून, 2026

विषय:- चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों के संचालनार्थ विभिन्न मानक मदों में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष बजट अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-336-37/स0क0/विकास/छात्रावास-बजट/83/2/2026-27, दिनांक-04.05.2026 एवं पत्रांक-578-79/स0क0/विकास/छात्रावास-बजट/83/2/2026-27, दिनांक-02.06.2026 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231//2026 दिनांक 28.03.2026 द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके अधीन अनुदान संख्या-83 के लेखाशीर्षक- 2225- अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो का कल्याण , 01- अनुसूचित जातियों का कल्याण , 789- अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, 10-अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं के छात्रावासों के संचालनार्थ में कुल प्राविधानित धनराशि रू0 1856.16 लाख (रू0 अट्ठारह करोड़ छप्पन लाख सोलह हजार मात्र) की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति निम्नलिखित विवरण शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि वर्ष 2026-27 के लिये है, जिसके सापेक्ष अनुदान के अन्तर्गत होने वाले सम्भावित व्यय की फेजिंग कार्य की प्रकृति एवं अवसर के अनुसार कर लें, जहां तक सम्भव हो, व्यय की फेजिंग प्रतिमाह समान रूप से की जाय। बजट आवंटन में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया जाय कि आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय यदि सम्बन्धित विभाग के आहरण एवं वितरण अधिकारी जनपद स्तर पर हैं, तो जनपद स्तर पर व्यय की जाने वाली धनराशियों को सम्बन्धित जनपदों के आहरण एवं वितरण अधिकारी को आवंटित की जाय। ऐसे मामलों में विभागाध्यक्ष स्तर पर एक मुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय। धनराशि के एक मुश्त आहरण से राज्य के रोकड़ प्रबन्धन (कैश मैनेजमेन्ट) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(2) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231//2026 दिनांक 28.03.2026 में दिये गये दिशा-निर्देशों एवं प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन (एलाटमेन्ट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। धनराशि व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल, फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो, उनमें ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये। धनराशि के व्यय हेतु शासन द्वारा मितव्ययिता के संबंध में समय-समय पर निर्गत सुसंगत

वित्तीय नियमों तथा आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये तथा उ0प्र0 बजट मैनुअल के पैरा-88 में इंगित व्यवस्था के अनुसार व्यय को प्राधिकृत विनियोग सीमा/स्वीकृत/अवमुक्त धनराशि के भीतर रखा जाये।

(3) वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष व्यय की नियमित संवीक्षा अपने स्तर पर किये जाने की व्यवस्था करें तथा समीक्षा में यदि किसी मामले में सीमाधिक्य व्यय दृष्टिगोचर हो तो उसे तत्काल शासन के समाज कल्याण विभाग तथा संबंधित वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग के संज्ञान में लाया जाये। इस संबंध में बी0एम0-13 में नियमित रूप से शासन को सूचना उपलब्ध कराई जाये तथा बजट मैनुअल में निर्धारित विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से इस संबंध में निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय के विवरण सहित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उपर्युक्त धनराशि व्यय किये जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डड्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

(5)- निदेशक, समाज कल्याण द्वारा वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231//2026 दिनांक 28.03.2026 द्वारा निर्गत निर्देशानुसार कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा अन्यथा की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी निदेशक, समाज कल्याण की होगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय

लेखाशीर्ष: 2225017891000 (अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन)

	अनुदान संख्या	लेखा शीर्षक	मानक मद	स्वीकृत धनराशि
1	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	01 वेतन	1,00,00,000 (रुपये एक करोड़ मात्र)
2	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	03 मंहगाई भत्ता	65,00,000 (रुपये पैंसठ लाख मात्र)
3	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	04 यात्रा व्यय	35,000 (रुपये पैंतीस हजार मात्र)
4	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	05 स्थानान्तरण यात्रा व्यय	60,000 (रुपये साठ हजार मात्र)
5	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	06 अन्य भत्ते	50,000 (रुपये पचास हजार मात्र)
6	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	07 मानदेय	50,000 (रुपये पचास हजार मात्र)

7	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	08 कार्यालय व्यय	3,00,000 (रुपये तीन लाख मात्र)
8	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	09 विद्युत देय	1,06,34,000 (रुपये एक करोड़ छह लाख चौंतीस हजार मात्र)
9	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	10 जलकर / जल प्रभार	30,37,000 (रुपये तीस लाख सैंतीस हजार मात्र)
10	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	11 लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	55,000 (रुपये पचपन हजार मात्र)
11	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	12 कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	5,00,000 (रुपये पाँच लाख मात्र)
12	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	16 व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	2,00,000 (रुपये दो लाख मात्र)
13	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	29 अनुरक्षण	30,00,000 (रुपये तीस लाख मात्र)
14	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	42 अन्य व्यय	1,65,000 (रुपये एक लाख पैंसठ हजार मात्र)
15	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	51 वर्दी व्यय	30,000 (रुपये तीस हजार मात्र)
16	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	55 मकान किराया भत्ता	10,00,000 (रुपये दस लाख मात्र)
17	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	58 आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान	15,00,00,000 (रुपये पन्द्रह करोड़ मात्र)
	कुल			**18,56,16,000** **(रुपये अठारह करोड़ छप्पन लाख सोलह हजार मात्र)**

महायोग	18,56,16,000 (रुपये अठारह करोड़ छप्पन लाख सोलह हजार मात्र)

के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 4/2026/बी-1-812/ दस-2026-231/2026, दिनांक- 28-मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

Digitally signed by
PRAVEEN MISHRA
Date: 18-06-2026
10:26:21

(प्रवीण मिश्र)
विशेष सचिव।

संख्या- 78 /2026/ — /001-1534 26-3-2026, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।
3- प्रधान महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।
4- निदेशक, स्थानीय निधि, लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2 उ0प्र0शासन।
7- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
8- निदेशक, एन0आई0सी0।
9- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

Digitally signed by
CHANDRA KUMAR MISHRA
Date: 18-06-2026
10:41:23

(चन्द्र कुमार मिश्र)
अनु सचिव।